# भा.कृ.अनु.प.–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
# ICAR-INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE
क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार)–848125
**REGIONAL STATION, PUSA, SAMASTIPUR, (BIHAR)-848125**

पत्रांक: 2024–25 / क्षे.के.पू. / निविदा / **86** दिनांक: **11.02.2025**

## पुनः अल्पकालीन– नीलामी सूचना
## विषयः– भा.कृ.अनु.प.– भा.कृ.अ.सं., क्षेत्रीय केन्द्र पूसा (बिहार)

अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प.– भा0कृ0अ0सं0 क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार) भारतीय कृषि अनुसंधान, संस्थान, नई दिल्ली–110012 की तरफ से लाईन हाट, कर वसुली करने हेतु पूर्व में की गई निविदा सं. पत्रांकः 2024–25 / क्षे.के.पू. / निविदा / 18 दिनांक 08.01.2025 को निरस्त करते हुए पुनः नीलामी / निविदा पत्र आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रम सं० | नीलामी विवरण | आरक्षित मूल्य (रू0) | अग्रिम धनराशि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लाईन हाट– कर वसुली हेतु<br>अवधि 01–04–2025 से 31–03–2026 तक | 87200 / – | 10000 / – | 05 मार्च 2025 शाम 5:30 बजे तक | 07 मार्च 2025 शाम 03:00 बजे |
| नोटः– सफल निविदाकर्ता द्वारा जमा की गई अग्रधन राशि को सुरक्षा में परिवर्तित कर दिया जायेगा जो कि कार्य सफलतापूर्वक सम्पूर्ण होने पर वापस किया जायेगा अन्य निविदाकर्ता की अग्रधन राशि को प्रक्रिया समाप्त होने पर वापस कर दिया जायेगा। | | | | | |

उपर्युक्त को नीलामी लेने वाले इच्छुक व्यक्ति / निर्धारित निविदा प्रारूप सील बंद लिफाफे में अपना निविदा इस कार्यालय को जमा कर सकते है। निवेदाकर्ता निवेदापत्र के साथ अपना आधार कार्ड या पैन कार्ड की प्रति साथ में संलग्न करें।

**निविदा हेतु नियम एवं शर्तेः–**

1. निविदा पत्र खरीदने के उपरान्त नीलामी हेतु उपरोक्त उत्पादों का निरीक्षण प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में प्रक्षेत्र प्रभारी से मिलकर किया जा सकता है।

2. निविदा पत्र इस कार्यालय से एक सौ रूपये मात्र नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है या इस केन्द्र के वेवसाइट www.iari.res.in से डाउनलोड के उपरान्त 100.00 रूपये के केनरा बैंक या एस.बी.आई. बैंक द्वारा निर्गत डिमांड ड्राफ्ट जो अध्यक्ष भा.कृ.अनु.प.– भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार) को देय हो जो निविदा पत्र के साथ लगाना अनिवार्य होगा यह राशि किसी भी स्थिति में वापसी नहीं की जायेगी।

3. नीलामी में भाग लेने हेतु अग्रधन राशि रू0 10000 / – (रूपये दस हजार मात्र) नगद या डिमान्ड ड्राफ्ट अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान, संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार) के नाम से जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया या केनरा बैंक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा (बिहार) शाखा में देय हो।

4. निविदाकर्ता निविदा के मूल्य का उल्लेख करेंगें एवं इसे संलग्न फार्म–1, जिसे बयाना राशि रसीद के साथ एवं नियम एवं शर्ते की प्रतिलिपि के साथ हस्ताक्षर करने के उपरान्त इस कार्यालय में जमा करेंगे। जिसका मतलब होगा कि उन्हें उल्लिखित नियम एवं शर्ते मान्य है। फार्म–1 की दूसरी प्रति निविदाकर्ता अपने पास रखेंगे।

5. सभी निविदा बन्द लिफाफा में जमा किया जायेगा जिसके उपर निविदा संख्या– लाईन हाट कर वसुली हेतु निविदा' लिखित होनी चाहिए। निविदा कार्यालय में उपलब्ध निविदा बॉक्स में अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेजी

जा सकती है। यह सुनिश्चित भेजने पर कोई क्षति/देर के लिए यह केन्द्र जिम्मेदार नहीं होगा। अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

6. निविदा खुलने के समय निविदाकर्ता स्वयं लिखित रूप में प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से कार्यालय परिसर में उपस्थित हो सकते है।

7. भुगतान की विधि–निविदा खुलने के उपरान्त सफल निविदाकर्ता को उनके द्वारा उद्द्यृत/वर्णित राशि 50 प्रतिशत भुगतान नकद निविदा खुलने के दिन ही करना होगा तथा शेष राशि का भुगतान अगले कार्य दिवस में करना होगा। अन्यथा जमा की गई अग्रिम धन राशि को वापस नहीं किया जायेगा।

8. निविदा स्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प.– भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार) को उच्चतम शर्त के अनुरूप किसी भी निविदा को स्वीकृत करने/रदद् करने का पूर्णतया अधिकार होगा। पूरी निविदा, के किसी भी भाग को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

9. **मध्यस्तता**–किसी प्रकार के निविदा से संबंधित विवादों, मतभेदां के निराकरण हेतु भा. कृ. अनु. सं. क्षे. के. पूसा, समस्तीपुर (बिहार) को प्रेषित किया जा सकता है। भा.कृ.अनु.प.– भा. कृ. अनु. सं. क्षे. के. पूसा, समस्तीपुर (बिहार) का निर्णय किसी भी पक्ष के लिए अंतिम रूप से मान्य होगा।

10. **सुरक्षा व्यवस्थाः**– सफल निविदाकर्ता को एकरारनामा के तुरन्त बाद सुरक्षा की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्राकृतिक विनाश अथवा किसी अप्रत्याशित कारण वश क्षति के लिए यह केन्द्र जिम्मेदार नहीं होगा।

11. निविदाकर्ता अथवा उनके कर्मचारियों द्वारा संस्थान की सम्पत्ति को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाने पर इसकी क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। इस अवस्था में कर वसूली का कार्य रोका जा सकता है एवं प्रक्षेत्र निशेध के उपरान्त उचित कार्यवाही की जायेगी।

12. सभी विवादों के निपटारा का अधिकार क्षेत्र समस्तीपुर में होगा।

13. किसी भी विषय से संबंधित सर्वाधिकार भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा समस्तीपुर (बिहार) को सुरक्षित होगा।

14. यदि कोई और शर्त हुई तो वह नीलामी के समय घोषित कर दी जायेगी।

अध्यक्ष
भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा समस्तीपुर, (बिहार)

प्रतिलिपिः नीलामी समिति के सभी सदस्य
सभी सूचना पट्ट

## फार्म संख्या –1 (नीलामी दर पत्र )

1. निविदाकार का नामः
2. निविदाकार के पिता का नामः
3. पत्राचार का पताः
4. दूरभाष संख्याः
5. आधार सं. ............................................ पैन सं. ..................................................
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय 07 मार्च 2025 शाम 03:00 बजे ।

| प्रक्षेत्र | कार्य | निवेदक की नीलामी की राशि (अंको में) | निवेदक की नीलामी की राशि (शब्दों में) |
|---|---|---|---|
| भा0 कृ0 अ0 सं0 क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा समस्तीपुर, (बिहार) | लाईन हाट–कर वसुली अवधि 01–04–2025 से 31–03–2026 तक के लिए। | | |

**घोषणाः** – मैं यह अद्योहस्ताक्षरीत यह घोषणा करता हूँ कि मैंने उर्पयुक्त सामग्री का स्वयं निरिक्षण किया है एवं मुझे किसी भी सरकारी संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है। मुझे निविदा की समस्त शर्ते मंजूर है। मैं उर्पयुक्त सामान अपनी जिम्मेदारी एवं निरीक्षण कर खरीद रहा हूँ एवं इसमें संबंधित समस्त जोखिम की जिम्मेदारी भी मेरी रहेगी।

**निविदाकार का हस्ताक्षर :–**

**तिथिः–**

**नामः–**

**मोबाईल नं0**